आनंदालय
सामयिक परीक्षा - 1
कक्षा : छठी

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 30
दिनांक : 14-07-2023 | समय : 1 घंटा 30 मिनट

सामान्य निर्देश :-
1. यह प्रश्न पत्र दो खंडों में विभाजित है : 'अ', और 'ब' |
2. खंड 'अ' में कुल तीन बहुविकल्पीय प्रश्न (उप प्रश्नों सहित ) हैं और खंड 'ब' में दो वर्णनात्मक (उप प्रश्नों सहित ) प्रश्न हैं |
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है ।
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

## खंड- 'अ'

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

लगभग दो सौ वर्ष की गुलामी ने भारत के राष्ट्रीय स्वाभिमान को पैरों से रौंद डाला, हमारी संस्कृति को समाप्त कर दिया, हमारे विश्वास को हिला दिया और हमारे आत्मविश्वास को चकनाचूर कर दिया। किंतु अपने देश से प्यार करने वाले, इसके एक सामान्य संकेत पर प्राण न्योछावर करने वाले दीवानों का अभाव न था । एक आवाज़ उठी और देखते-ही-देखते राष्ट्र का दबा हुआ आत्माभिमान उन्मत्त हो उठा । इतिहास साक्षी है- जाने और अनजाने हजारों देशभक्त स्वतंत्रता की निधि को पाने के लिए शहीद हो गए । आज पुनः भारतवासियों को अपनी संस्कृति की ओर लौटने की ज़रूरत है, संस्कृति के पुनरुद्धार की आवश्यकता है । पश्चिमी सभ्यता ने उसे अंधा बना दिया है । भारत के प्रति आत्माभिमान की भावना लुप्त हो रही है । हमें याद रखना होगा कि जड़ों से कटकर कभी कोई पेड़ खड़ा नहीं रह सकता ।

(i) हमारे स्वाभिमान को किस चीज़ ने रौंद डाला ?
(क) पांच सौ वर्षों की गुलामी ने (ख) सौ वर्षों की गुलामी ने
(ग) दो सौ वर्षों की गुलामी ने (घ) तीन सौ वर्षों की गुलामी ने

(ii) गुलामी का हमारी संस्कृति पर क्या प्रभाव पड़ा ?
(क) हमारी संस्कृति को समाप्त कर डाला (ख) हमारी सभ्यता को समाप्त कर डाला ।
(ग) हमारे इतिहास को समाप्त कर डाला (घ) हमारी संस्कृति को चार चाँद लगा दिए ।

(iii) 'न्योछावर ' शब्द का अर्थ है -
(क) नया (ख) व्यवस्थित (ग) बर्बाद (घ) बलिदान

(iv) 'स्वतंत्रता' का विलोम है-

(क) स्वाधीनता (ख) स्वाभिमान

(ग) पराश्रीता (घ) परतंत्रता

(v) गद्यांश का मुख्य भाव क्या है?

(क) भारतीय संस्कृति का पुनरुद्धार (ख) गुलामी के कारण

(ग) भारतीय संस्कृति का विकास (घ) भारतीय संस्कृति का सदुपयोग

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x7=7)

(i) अनुस्वार और अनुनासिक युक्त शब्द समूह है -

(क) खड़े, चाँद (ख) फ़र्क, पूँछ (ग) गंध, काँच (घ) मुँह, पेड़

(ii) नुक्ता युक्त शब्द नहीं है -

(क) कागज़ (ख) फ़ालसे (ग) घोड़ों (घ) गज़ब

(iii) 'उपवन' शब्द का पर्यायवाची शब्द है -

(क) जंगल (ख) वन (ग) बगीचा (घ) उपदेश

(iv) 'आदि' शब्द का विलोम है -

(क) अंत (ख) आखिरी (ग) अंतिम (घ) आरंभ

(v) 'लड़का' की भाववाचक संज्ञा है -

(क) बचपन (ख) बचपना (ग) लड़कपन (घ) लड़की

(vi) द्विगु समास का उदाहरण नहीं है -

(क) नवरात्रि (ख) पंचवटी (ग) दोपहर (घ) माता-पिता

(vii) प्+अ+र्+ई+क्+ष्+आ वर्णों को जोड़ कर शब्द बनता है-

(क) परीक्षा (ख) परिक्षा (ग) परिकशा (घ) पारीक्ष

3. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - (1x4=4)

(i) चिड़िया ने अंडे कहाँ दिए थे ?

(क) पेड़ पर (ख) बरामदे में (ग) बगीचे में (घ) कार्निस पर

(ii) 'वह चिड़िया जो' कविता में चिड़िया की कौन-सी विशेषता कविता में वर्णित नहीं है ?

(क) गरबीली (ख) नीले पंखों वाली

(ग) मुँहबोली बहन (घ) संतोषी

(iii) केशव और श्यामा को नादान दोस्त क्यों कहा गया है ?

(क) क्योंकि उन्होंने अंडों की रक्षा नहीं की ।

(ख) क्योंकि उन्होंने चिड़िया को दाना नहीं डाला ।

(ग) क्योंकि वे दोपहर को बाहर निकले ।

(घ) क्योंकि उन्होंने अंडों को छूकर बर्बाद कर दिया ।

(iv) दुकान के शोरूम में किसका मॉडल बना हुआ था ?

(क) बस का (ख) शिमला का (ग) ट्रेन का (घ) पहाड़ी का

<u>खंड- 'ब'</u>

4. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) किन बातों से पता चलता है कि चिड़िया साहसी है , 'वह चिड़िया जो' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ii) कृष्णा सोबतीजी ने शनीचर और रविवार की एक विशेष दिनचर्या का वर्णन किया है । आपकी दिनचर्या उनसे किस प्रकार भिन्न है ?

(iii) केशव और श्यामा के माध्यम से लेखक ने भाई-बहन की नोक-झोंक का वास्तविक चित्रण किया है- 'नादान दोस्त' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(iv) कृष्णा सोबतीजी बचपन में किस प्रकार की पोशाक पहनती थीं ? आप किस प्रकार की पोशाक पहनना पसंद करते हैं ?

5. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए- (1x5=5)

(क) परोपकार

संकेत बिंदु-

- परोपकार क्या है ?
- परोपकार की आवश्यकता
- परोपकार कैसे करें ?
- उपसंहार

(ख) योग भगाए रोग

संकेत बिंदु-

- योग की आवश्यकता
- योग से लाभ
- योग का जीवन पर प्रभाव
- निष्कर्ष

(ग) प्रकृति- हमारी सबसे अच्छी दोस्त

संकेत बिंदु-

- प्रकृति के विभिन्न तत्त्व
- प्रकृति के लाभ
- प्रकृति की रक्षा
- निष्कर्ष